Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to start construction of Medical College at Bhawanipatna in Kalahandi district, Odisha-laid.

श्री बसंत कुमार पंडा (कालाहाण्डी): मेरा लोकसभा क्षेत्र कालाहांडी है, जो एक आकांक्षी ज़िला भी है । जहाँ मेडिकल कॉलेज की अति आवश्यकता है I दिनांक 17 मार्च 2020 को केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जी द्वारा कालाहांडी जिला मुख्यालय भवानीपटना में एक नया मेडिकल कॉलेज अनुमोदित किया गया है I जिसके लिए मैं आदरणीय प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद भी करना चाहूँगा I कालाहांडी जिला बहुत गरीब, आदिवासी व पिछड़ा क्षेत्र है I आकांक्षी जिले के नाते यहाँ विकास का कार्य बहुत तेजी से किये जाने की जरुरत है I

मैं माननीय मंत्री जी से सादर निवेदन करता हूँ कि मेडिकल कॉलेज का जल्द से जल्द शुभारम्भ किया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को लाभ मिल सकें I